# ECHO OF HIS CALL

HINDI

# बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE (ECHO GROUP)

*India's National Spiritual Newspaper*

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXVII YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, OCTOBER 2022 No.11


पवित्र बाइबल!

**इन वचनों को याद करें परमेश्वर की स्तुति हो**

**भजन ७३:१-१०**

१ सचमुच इस्राएल के लिये अर्थात् शुद्ध मनवालों के लिये परमेश्ध्वर भला है।

२ मेरे डग तो उखड़ना चाहते थे, मेरे डग फिसलने ही पर थे।

३ क्योंकि जब मैं दुष्टों का कुशल देखता था, तब उन घमण्डियों के विषय डाह करता था।

४ क्योंकि उनकी मृत्यु में वेदनाएँ नहीं होतीं, परन्तु उनका बल अटूट रहता है।

५ उनको दूसरे मनुष्यों के समान कष्ट नहीं होता; और अन्य मनुष्यों के समान उन पर विपत्ति नहीं पड़ती।

६ इस कारण अहंकार उनके गले का हार बना है; उनका ओढ़ना उपद्रव है।

७ उनकी आँखें चर्बी से झलकती हैं, उनके मन की भावनाएँ उमण्डती हैं।

८ वे ठट्ठा मारते हैं, और दुष्टता से अन्धेर की बात बोलते हैं; वे डींग मारते हैं।

९ वे मानो स्वर्ग में बैठे हुए बोलते हैं, और वे पृथ्वी में बोलते फिरते हैं।

१० इसलिये उसकी प्रजा इधर लौट आएगी, और उनको भरे हुए प्याले का जल मिलेगा।

# अपने आप को एक महत्वाकांक्षा रखने वाले व्यक्ति के रूप में बदलें!

## The ambition of the goal oriented person is greater than his life!

(मुख्य गिरजाघर में पा. एस. सैम सेल्व राज द्वारा दिया गया संदेश)

इस संसार में बहुत से लोग हैं जो विशिष्ट महत्वाकांक्षाओं के साथ जीते हैं। हम, मसीहियों को भी न केवल हमारे सांसारिक जीवन में महत्वाकांक्षा होनी चाहिए, बल्कि हमारे आत्मिक जीवन में भी विशिष्ट महत्वाकांक्षा होनी चाहिए। एक विशेष जीवन जीने के लिए व्यक्ति के पास मजबूत आत्मिक आधार होना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति की कोई आत्मिक महत्वाकांक्षा नहीं है, तो वह जयवंत जीवन नहीं जी सकता।

यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन में कुछ खास पाना चाहता है तो उसके पास स्वतंत्र सोच होनी चाहिए। जिनके जीवन में अच्छी महत्वाकांक्षाएं और लक्ष्य निर्धारित होते हैं, वे समय के अनुसार खुद को नहीं बदलते हैं। ऐसे लोग अपनी आत्मिक दर्शन में दृढ़ रहते हैं जो उन्हें पहले ही मिल चुकी थी। जब तक हम अपने विश्वास में स्पष्ट नहीं होते, हम सफल जीवन नहीं जी सकते!

जो लोग अपने विश्वास को बदलते रहते हैं, उनकी तुलना उन सांपों से की जा सकती है जो इधर-उधर घूमते फिरते हैं। केवल वे जो अपने विश्वास में स्थिर हैं, दृढ़ हैं, वे ही महान अगुवे बन सकते हैं जो दूसरों के लिए आशीष के माध्यम के रूप में जीते हैं। **"वह व्यक्ति दुचित्ता है और अपनी सारी बातों में चंचल है"** (याकूब १:८)।

### १. जो लोग परमेश्वर की आराधना और सेवा करने में महत्वाकांक्षी हैं :

हम यहोशू २४:१५ में पढ़ते हैं : "मैं इस्राएल के लोगों को मिस्र से बाहर लाया। मैंने उन्हें शुरू से ही आशीष दी और उन्हें अपना नाम दिया। जब उन्होंने मेरी सहायता के लिए दोहाई दी, तब मैं उनके साथ था और उन्हें सम्भाल रहा था। मैं ने उन्हें सारे अन्धकार से छुड़ाया, और सूखी भूमि पर चलते हुए लाल समुद्र पार करवाया। जब मिस्र की सेना ने उनका पीछा किया, तो मैं ने उनके बचने का मार्ग बनाया।" यहोवा ने इस्राएलियों के लिये जो अच्छे काम किए हैं, उन सब का वर्णन करने के बाद यहोशू ने अब पूछा, **"तुम किसकी सेवा करोगे?"**

***हमें प्रभु की सेवा करने की महत्वाकांक्षा रखनी चाहिए। हमें प्रभु की सेवा करने के लिए उस विश्वास में एक दर्शन और***

*पृष्ठ ३ में क्रमशः...*

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)

## *from your dearly beloved brother...*





*Pr. Sam Selva Raj with daughter Angeline and son Alex*

**“...न तो मैं तुझे धोखा दूँगा, और न तुझ को छोड़ूँगा।”** (यहोशू १:५)

प्रभु में प्रिय भाइयों और बहनों,

हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के मधुर नाम में आपका अभिवादन।

हम परमेश्वर की उन सभी अद्भुत आशीषों के लिए स्तुति करते हैं जो हमें उसके वचन को दुनिया में प्रसारित करने के लिए प्रदान की गई हैं। हमारे प्रति आपके प्रेम, देखभाल और सहायता के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं।



*Sunday Church Services*





*St. Paul's Matriculation School*

हमने अपने प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह से अपनी अधिकांश गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। हमारे सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में हमारे साथ काम करने, छोटे बच्चों को तैयार करने के लिए शिक्षाविदों का एक अच्छा समूह है। इसी तरह, हमारा नहेमायाह बाइबल कॉलेज १५ प्रख्यात ईश्वरविज्ञानियों के साथ गंभीरता से आगे बढ़ रहा है और युवा पुरुषों और महिलाओं को नियमित और आवासीय के साथ-साथ पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से अगली पीढ़ी तक गौरवशाली सुसमाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दे रहा है।

हम उन २५ बाइबिल विद्वानों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद देते हैं जो हमारे साथ १६ भाषाओं में एको ऑफ हिज कॉल पत्रिका के सहायक सम्पादकों और उप-सहायक सम्पादकों के रूप में काम कर रहे हैं। हमारे प्रभु यीशु ने हमारे प्रशासनिक कार्यालय और सुसमाचारीय छापखाने को परमेश्वर के मेहनती सेवकों के एक समूह से सुसज्जित किया है। प्रभु के कार्य को गति देने के लिए हमें परमेश्वर के अधिक सेवकों की आवश्यकता है।

हमारी मुख्य कलीसिया में रविवार को सुबह ५.३० बजे से रात ८ बजे तक चार भाषाओं अर्थात तमिल, अंग्रेजी, तेलुगु और हिंदी में छः आराधना सभाएं होती हैं। हमारे शाखा चर्च भी हमारे शाखा पास्टरों और उनके सहायकों के माध्यम से संबंधित स्थानों और भाषाओं में अपनी विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रभावी ढंग से कार्य कर रहे हैं।

मुख्य कलीसिया के हमारे कार्यकर्ता हर रविवार दोपहर को हमारी मिनी बस से हमारे स्थानीय चर्चों में जाते हैं, बच्चों की सेवकाई का संचालन करते हैं, और अच्छे नागरिकों का निर्माण करते हैं। ३१ अगस्त २०२२ को पूरे दिन सुबह और शाम हमारे चर्च के किशोरों, बाइबिल कॉलेज के छात्रों और कलीसिया के अगुवों के लिए हमारे पास एक युवा सम्मेलन था। बैंगलोर के रेव्ह डॉ. सनी प्रसाद ने अतिथि वक्ता के रूप में सेवा की। गुजरात के रेव्ह. नयन रंजन बीरो ने १५ से



*Nehemiah Bible College*



*Sunday Church Services*

### OUR MISSION POLICY

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.

**CHIEF EDITOR**
Angeline Selvakumari Henry, M.A., M.Ed.
**MANAGING EDITOR**
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
**ADMINISTRATION**
Bro. N. Prakasam, M.A., General Manager
**EDITORIAL BOARD**
Sis. Jesy Veena Sam
Sis. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Dr. A. Richard Samuel, M.A., Ph.D.

**EDITOR, PUBLISHER & PRINTER**
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 95661 31858

**CORE LEADERS**
Bro. K. Puratchivendan
Bro. A. Edward Durai
Bro. A. Alvin
Bro. K. Abraham
Sis. Dhanalakshmi Chinnaiah

**E.mail ID**
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
**WEBSITES**
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
**YOUTUBE CHANNEL**
Echo of His Call

**Our Ministries:** ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) • BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) • Online Courses • Theological Correspondence Courses (2 languages) • Church Planting • Nehemiah Bible Colleges • Gospel Printing Press • Great Commission Partners • St. Paul's Matriculation School • Crusades • Community Development



**Rev. Sam Selva Raj &**
**Rev. Nayan Ranjan Beero**

२० अगस्त, २०२२ तक हमारे बाइबिल कॉलेज के छात्रों को भेंट दी, हमारे साथ रहे और विशेष कक्षाएं संचालित की।

हमें इन सभी पुरुषों और महिलाओं के लिए आपकी प्रार्थनाओं की आवश्यकता है जो भारत और उसके पड़ोसी देशों में सुसमाचार की उन्नति के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आप के लिए हमारी निरंतर प्रार्थना के प्रति आश्वस्त रहें। परमेश्वर आपको आशीष दे।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*

*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज और एलेक्स सैमसन सैम*

(+91) 98412 71858 / 98410 71858, E.mail : samselvaraj333@gmail.com

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

***एक प्रकाशन की आवश्यकता है। इन दिनों में यह देखकर बहुत दुख होता है कि जो बचाए गए हैं और बपतिस्मा ले चुके हैं, वे अपनी परिस्थितियों के अनुसार बदल जाते हैं। चूंकि वे प्रभु की सेवा करने के लिए अपने दर्शन में मजबूत नहीं हैं, इसलिए जब परिस्थितियां बदलती हैं तो वे इस दर्शन को खो देते हैं!***

यहोशू कहता है, "परन्तु मैं तो अपने घराने समेत यहोवा ही की सेवा नित करूँगा।" लोगों ने उत्तर दिया और कहा, "यहोवा को त्यागकर दूसरे देवताओं की सेवा करनी हम से दूर रहे।" हम उसी की उपासना करते हैं जिससे हम सबसे ज्यादा प्यार करते हैं। परमेश्वर भी उम्मीद करता है कि उसके बच्चे केवल उसकी और उसी की ही आराधना करें। वह इस मामले में जलन रखता है। वह उन लोगों से खुश नहीं है जो बदलते समय के अनुसार अपनी मान्यताओं और सिद्धांतों को बदलते हैं। वह केवल उन्हीं को आशीष देगा जिनके पास आत्मिक दर्शन है और वे ईमानदारी से जीते हैं। बहुत से लोग खुद को ऐसी परिस्थितियों में पाते हैं जो उनके लिए परमेश्वर की उपासना करने और उसका पालन करने के लिए अनुकूल नहीं हैं। हालांकि कई लोग यीशु का अनुसरण करना चाहते हैं, लेकिन उनका समाज उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं देता है। लेकिन मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं, "परमेश्वर अपने बच्चों को कभी नहीं छोड़ेगा।" वह पूरे घराने का निश्चित रूप से उद्धार करेगा।" "प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास कर, तो तू और तेरा घराना उद्धार पाएगा" (प्रेरितों के काम १६:३१)। प्रभु का वचन वायदा करता है कि यदि किसी परिवार में एक व्यक्ति प्रभु यीशु को स्वीकार करता है, तो उस परिवार का हर कोई उद्धार पाएगा।

कोई भी व्यक्ति जिसने वास्तव में मसीह का अनुसरण किया है, भटका नहीं है। आज भी हम पाते हैं कि दुनिया के महान अगुवे हैं जो प्रभु यीशु की सेवा करते हैं। परमेश्वर स्वयं सारे संसार पर राज्य करता है। सभी महाद्वीपों के लोग उसके पराक्रमी नाम के ज्ञान में आ रहे हैं। यहोशू की तरह, हम सब यहोवा की सेवा करें और हमारे परिवार के प्रत्येक सदस्य को हमेशा के लिए प्रभु की सेवा करने की प्रबल महत्वाकांक्षा दे!

यदि आप "गुप्त मसीही" हैं और खुले तौर पर यीशु मसीह को स्वीकार नहीं करते हैं, तो समय आ गया है कि आप अपनी जीवनशैली को बदलें। यीशु कहता है, "जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे मान लेगा, उसे मैं भी अपने स्वर्गीय पिता के सामने मान लूँगा" (मत्ती १०:२)।

बाइबल आपको हमेशा भयभीत जीवन जीने की अनुमति नहीं देती है। यदि हमारी प्रार्थनाओं को स्वर्ग तक पहुंचना है, तो हमें सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना होगा कि प्रभु यीशु ने हमारे जीवन में क्या किया है। इसलिए, यीशु के लिए निडर होकर जिओ। यहोशू एक ऐतिहासिक बाइबिल चरित्र है जिसके जीवन में प्रभु ने महान चमत्कार और अलौकिक हस्तक्षेप किए थे! जब उनका समाज प्रभु के सामने एक सुखद जीवन जीने में विफल रहा, तो वह अपने आत्मिक विश्वास में मजबूत रहा और उसने अपने लोगों के सामने और अपने प्रभु परमेश्वर के सामने एक विजयी जीवन व्यतीत किया। इसी तरह, यद्यपि आप प्रतिकूल परिस्थितियों में रहते हैं, यदि आप प्रभु यीशु की आराधना करने में एक महत्वाकांक्षी व्यक्ति बन जाते हैं, तो आप सफलतापूर्वक बाहर आ सकते हैं।

## २. महत्वाकांक्षी लोग जो परमेश्वर को और परमेश्वर की कलीसिया को प्राथमिकता देते हैं :

बाइबल कहती है, **"इसलिये पहले तुम परमेश्वर के राज्य और उसके धर्म की खोज करो तो ये सब वस्तुएं भी तुम्हें मिल जाएंगी" (मत्ती ६:३३)।** यीशु चाहता है कि हम पहले परमेश्वर के राज्य की खोज करें। लेकिन सांसारिक लोग धन की तलाश करना चाहते हैं और सोचते हैं कि केवल धन से ही सभी सुख प्राप्त किए जा सकते हैं! लेकिन बाइबल इसके विपरीत घोषणा करती है! जब आप परमेश्वर के राज्य तक पहुंचने के तरीकों की तलाश करते हैं, तो इस दुनिया में आपको जो भी आशीष चाहिए, वह आपके पीछे चलेगी।

जब हम सांसारिक आशीषों के बारे में चिंता करते हैं, तो यीशु इसे "हे अल्प विश्वासियों" कहता है (मत्ती ६:३०)। आम तौर पर हम उन चीजों के बारे में चिंता नहीं करते हैं जिनके बारे में हमें चिंता करनी चाहिए। इसके बजाय हम कम महत्वपूर्ण चीजों की चिंता करते हैं। यीशु हमें बताता है कि हमें अपने भोजन, वस्त्र और सांसारिक आवश्यकताओं के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, जब परमेश्वर जंगली सोसनों को खूबसूरती से खिला सकता है और सभी जंगली पक्षियों और जानवरों का प्रयोजन कर सकता है, तो क्या वह आपके और मेरे लिए प्रयोजन नहीं कर सकता? जैसे ही हम यहोशू के बारे में पढ़ते हैं, हमारे सामने एक प्रश्न आता है : **"आप किस बात की चिन्ता करते हैं?"**

इसका उत्तर है, "हमें परमेश्वर के राज्य और उसकी धार्मिकता की खोज करने की चिंता करनी चाहिए"। लेकिन आज के मसीही विश्वासी मुख्य रूप से सांसारिक आशीषों की तलाश करते हैं और सांसारिक मामलों को पहली प्राथमिकता देते हैं; परमेश्वर का राज्य और उसकी धार्मिकता उनके लिए गौण है। लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि वे पहले ही असफलता की राह पर चल पड़े हैं!

भाइयों और बहनों! क्या आप उदास हैं और पराजित महसूस करते हैं? यदि

आप अपने परिवार के सभी सदस्यों को इकट्ठा करते हैं और यीशु से प्रार्थना करते हैं, तो वह आपके सभी बोझ और चिंताओं को दूर कर देगा; आपके कर्ज़ माफ हो जाएंगे; आपका परिवार और आपकी सन्तान आशीष पाएंगी; आपके बच्चों का भविष्य अच्छा होगा।

यदि आप अपनी युवावस्था में ही यीशु में एक अच्छा जीवन जीने का निर्णय लेते हैं और जब आप अपने बुढ़ापे को देखते हैं, तो आप पाएंगे कि आपने वास्तव में एक विजयी जीवन जिया है! बाइबल उन लोगों से वादा करती है जो प्रभु से डरते हैं, **"तू अपनी कमाई को निश्चय खाने पाएगा; तू धन्य होगा, और तेरा भला ही होगा" (भजन संहिता १२८:२)।** ऐसी आशीषों को प्राप्त करने के लिए, परमेश्वर के राज्य की खोज करने का प्रयास करें।

परमेश्वर के प्रति आपकी सेवा हैंगओवर और बाहरी प्रभावों से मुक्त हो सकती है। जब आप किसी सांसारिक प्रतिफल की अपेक्षा किए बिना कार्य करते हैं, तो परमेश्वर आपको स्वर्ग से आशीष देकर प्रसन्न होगा। आपकी सेवकाई चाहे बड़ी हो या छोटी, उसे खुशी-खुशी स्वीकार करें और पूरे मन से करें। यह आपको पूर्ण आशीर्वाद प्रदान करेगा। परमेश्वर आपको अपने समय पर सहायता भेजेगा। वह आपको इस दुनिया में दिलासा देगा, जो बीमारियों और दुखों से भरी है। वह आपके जीवन के अंत तक आपकी सभी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। परमेश्वर के हाथों से हमें जो आशीषें मिलती हैं, वे उत्तम, उत्तम और उत्तम हैं। **हमें परमेश्वर से उपरोक्त सभी आशीषें प्राप्त करने के लिए परमेश्वर के राज्य और उसकी धार्मिकता की तलाश करने के लिए वास्तविक महत्वाकांक्षा वाले व्यक्ति बनना चाहिए!**

## कलीसिया में एक साथ इकट्ठा हों :

आजकल बड़ी संख्या में मसीही रविवार को परमेश्वर की आराधना करने के लिए कलीसिया की सेवाओं में भाग लेने की उपेक्षा कर रहे हैं। इस प्रकार वे साबित करते हैं कि उनका अपने स्वयं की कलीसियाओं के साथ कोई उचित बंधन या लगाव नहीं है, जो उन्हें परमेश्वर द्वारा दी गई है। वे परमेश्वर के तथाकथित नए सेवकों, टेलीविजन, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया की ओर गलत तरीके से आकर्षित होते हैं और अपने परमेश्वर द्वारा दिए गए पास्टरों और चर्चों को त्यागते हैं। यह बेहद खतरनाक है।

(i) प्रभु यीशु मसीह के प्रत्येक विश्वासी को परमेश्वर की सहायता से एक अच्छे पासवान और कलीसिया की खोज करनी चाहिए।

(ii) उन्हें खुद को उस पास्टर और कलीसिया के साथ जोड़ना चाहिए और चर्च की सभी गतिविधियों में शामिल होना चाहिए।

(iii) उन्हें पूरे दिल से पास्टर और कलीसिया की मदद करनी चाहिए और प्रभु की सेवा करनी चाहिए क्योंकि प्रभु अगुवाई करता है।

**"वे यहोवा के भवन में रोपे जाकर, हमारे परमेश्वर के आंगनों में फूले फलेंगे" भजन संहिता ९२:१३**

## ३. महत्वाकांक्षी व्यक्ति जो परमेश्वर के उद्देश्य को पूरा करते हैं :

प्रभु यीशु मसीह का एक उद्देश्य था जब वे इस दुनिया में रहता था। कई लोगों ने विभिन्न अपेक्षाओं के साथ उसका अनुसरण किया। उसके पास कई कर्तव्य थे और उसे बड़ी उम्मीदें थीं। फिर भी, वह उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सावधान था जिसके लिए उसे प्रभु द्वारा भेजा गया था : **"यीशु ने उनसे कहा, "मेरा भोजन यह है कि अपने भेजनेवाले की इच्छा के अनुसार चलूं और उसका काम पूरा करूं" (यूहन्ना ४:३४)।**

इस दुनिया में अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए यीशु को कई बाधाओं और विरोध का सामना करना पड़ा। उसके समय के लोगों ने उस पर विश्वास नहीं किया (मत्ती १३:५८)। उसे मसीह के रूप में स्वीकार नहीं किया गया था (यूहन्ना १:११)। उन्होंने उसका विरोध किया (मत्ती ८:३४)। उन्होंने बढ़ई के बेटे के रूप में उसका

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*


# नहेम्याह बाइबल कॉलेज
## रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।

माध्यमः हिन्दी

*सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार* - ATA

सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान

सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल

डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल

योग्यता 10 वी या अधिक

जल्दी करें!

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

GREAT COMMISSION PARTNERS

ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✻ भार उठना (गलातियों ६:२), ✻ सहायता करना (रोमियों १२:१३) और ✻ चमकना (२ तीमुथियुस १:६)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

PRAISE & PRAYER POINTS - From 2022 October 19 To November 18

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)



## स्तुति विषय

१६ अक्टूबर : बड़े अनुग्रह के साथ हमें सुसमाचार के साथ अगम्य क्षेत्रों में प्रवेश करने में मदद की।

२० अक्टूबर : और विश्वासियों को हमारे मुख्य और शाखा कलीसियाओं को आशीषित किया।

२१ अक्टूबर : हमारी मुख्य कलीसिया में पुरुषों की सभा को आशीषित किया।

२२ अक्टूबर : हमें अपनी पत्रिका को १६ भाषाओं में हमारे सुसमाचार छापखाने में छापने और प्रकाशित करने और मिशन क्षेत्रों में भेजने में सक्षम बनाने के लिए।

२३ अक्टूबर : हमारे सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, नहेमायाह बाइबिल कॉलेज और ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रमों के लिए।

२४ अक्टूबर : हमारे मुख्य गिरजाघर में हमारी महिला सभा के लिए।

२५ अक्टूबर : हमें नियमित रूप से थियोलॉजिकल सेमिनार आयोजित करने में सक्षम बनाने के लिए।

२६ अक्टूबर : १९६९ से पत्रिका सेवकाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर उसकी आशीष के लिए।

२७ अक्टूबर : हमारे कार्यकर्ताओं के परिवारों पर उसकी आशीष के लिए।

२८ अक्टूबर : हम अपने प्रार्थना सहभागियों, शुल्क सहभागियों, विश्वास के सहभागियों, आजीवन प्रतिभागियों, महान आदेश प्रतिभागियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए प्रभु की स्तुति करें।

२९ अक्टूबर : एको ऑफ हिज़ कॉल सेवकाई के ५४ वें वर्ष में प्रवेश करने हेतु उसकी अनुग्रहपूर्ण आशीषों के लिए।

३० अक्टूबर : ५४वें वर्ष में हमारे प्रवेश को चिह्नित करने के लिए महासभा कार्यक्रम का संचालन करने में हमारी मदद करने के लिए।

३१ अक्टूबर : दूसरी सेवकाइयों की सहायता करने में हमें सक्षम बनाने के लिए।

०१ नवम्बर : पिछले महीने की हमारी सभी आर्थिक और आत्मिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए।

०२ नवम्बर : पिछले महीने में एको ऑफ हिज़ कॉल सेवकाइयों की हमारी गतिविधियों के लिए।

नवम्बर ०३ : हमारे वरिष्ठ पासबान एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार पर भरपूर आशीष के लिए।

## प्रार्थना विषय

०४ नवम्बर : हमारे सहायक सम्पादकों और उनके परिवार के लिए।

०५ नवम्बर : हमारे सहभागियों और उनके परिवारों पर आशीष के लिए।

०६ नवम्बर : हमारी बहन जेस्सी वीणा सैम सेल्वराज फिर बीमार है। उनके लिए।

०७ नवम्बर : वरिष्ठ पासवान के आत्मचरित्र लेखन की सफलता के लिए।

०८ नवम्बर : सभी मसीही संस्थाओं और मिशनरियों के लिए।

०९ नवम्बर : संसार के देशों से करोना वायरस के निर्मलन के लिए।

१० नवम्बर : सारी दुनिया में शांति के लिए।

११ नवम्बर : महिला और बच्चों के खिलाफ हिंसाचार से परमेश्वर की सुरक्षा के लिए।

१२ नवम्बर : एको ऑफ हिज़ कॉल सेवकाई के लिए आवश्यक धनराशि के लिए।

१३ नवम्बर : मसीही संस्थाओं और कलीसियाओं पर आशीष और सुरक्षा के लिए।

१४ नवम्बर : सभी मामलों में हमारे राष्ट्र की एकता और उन्नति के लिए।

१५ नवम्बर : सभी विश्वासियों की आंखें ज्योतिर्मय होने के लिए।

१६ नवम्बर : नहेमायाह बाइबिल कॉलेज के विद्यार्थियों और उनके अध्ययन के के लिए।

१७ नवम्बर : हमारे सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल में और विद्यार्थियों के दाखिले हों।

१८ नवम्बर : हमारे वरिष्ठ पासबान एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

उपहास किया (मत्ती १३:५५)। जब उन्होंने उससे अवांछित प्रश्न पूछे तो वह आहत हुआ (यूहन्ना ८:६)। उसे कोड़े मारे गए (मत्ती २७:२६)। उन्होंने उसके मुंह पर थूका (मरकुस १५:१६)। उसे क्रूस पर कीलों से ठोंका गया और उन्होंने उसे मार डाला (मरकुस १५:२४)।

इन सभी कड़वे अनुभवों के बीच, यीशु ने अपने उस उद्देश्य को नहीं छोड़ा जिसके लिए वह इस संसार में आया था। अपने पिता के उद्देश्य को पूरा करना उसकी महत्वाकांक्षा थी। हमें भी उसकी तरह बनना चाहिए।

परमेश्वर के प्यारे बच्चों, जीवन में आपकी महत्वाकांक्षा क्या है? आपको परमेश्वर को प्रसन्न करना चाहिए। यदि आप परमेश्वर की योजना को पूरा करने की अपनी महत्वाकांक्षा में दृढ़ हैं, तो वह निश्चित रूप से आपको आशीष देगा।

## ४. महत्वाकांक्षी लोग जो अपना काम पूरा करते हैं :

**"जो कार्य तू ने मुझे करने को दिया था, उसे पूरा करके मैं ने पृथ्वी पर तेरी महिमा की है" (यूहन्ना १७:४)।** जब यीशु ने इस तरह प्रार्थना की, तो हम समझते हैं कि परमेश्वर द्वारा हमें दिए गए काम को पूरा करने की ज़िम्मेदारी हमारी भी होनी चाहिए। प्रेरित पौलुस कहता है : **"अब देखो, मैं आत्मा में बन्धा हुआ यरूशलेम को जाता हूं, और नहीं जानता कि वहां मुझ पर क्या क्या बीतेगा; केवल यह कि पवित्र आत्मा हर नगर में गवाही दे देकर मुझ से कहता है कि बन्धन और क्लेश तेरे लिये तैयार हैं। परन्तु मैं अपने प्राण को कुछ नहीं समझता कि उसे प्रिय जानूं, वरन् यह कि मैं अपनी दौड़ को और उस सेवा को पूरी करूं, जो मैं ने परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार पर गवाही देने के लिये प्रभु यीशु से पाई है" (प्रेरितों के काम २०:२२-२४)।**

प्रेरित पौलुस का कहना है कि वह उस सेवकाई को पूरा करना चाहता है जो उसने प्रभु यीशु से प्राप्त की थी। उस सेवकाई को पूरा करने की पौलुस की इच्छा पर ध्यान देना दिलचस्प है जो यीशु ने पहले की थी। वही सेवकाई हमारे हाथ में भी सौंपी गई है। परमेश्वर ने बिना किसी प्रयोजन के किसी को नहीं बुलाया है। जब परमेश्वर व्यक्ति को अंधकार से बचाता है और उसे अपने बच्चे के रूप में बदलता है, तो परमेश्वर उसे पूरा करने के लिए एक विशिष्ट कार्य और ज़िम्मेदारी देता है। मनुष्य को अपने उद्देश्य में अंत तक रहना है और उस कार्य को पूरा करना है जो परमेश्वर ने उसे दिया है। इन दिनों कई लोग बड़ी-बड़ी योजनाओं के साथ शुरुआत करते हैं और उस पर अमल करने लगते हैं। लेकिन जब उन्हें बाधाओं का सामना करना पड़ता है, तो वे हार मान लेते हैं और किसी और दिशा में मुड़ जाते हैं। अंत में वे बड़ी असफलताओं को गले लगाते हैं। यदि आपके पास एक दर्शन है, तो आपको उस दर्शन के प्रति दृढ़ होना चाहिए, जो आपके खुद के जीवन से बड़ा है। महत्वाकांक्षा वाला व्यक्ति शारीरिक मृत्यु से नहीं डरता।

आज जब मैं इन शब्दों का प्रचार कर रहा हूं तो मुझे देखने वाले लोग सोच सकते हैं, "भाई, सैम के पास अब क्या समस्या है?" लेकिन वे नहीं जानते होंगे कि मैंने पिछले ४८ वर्षों में मेरे दर्शन और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए कितनी लागत और निवेश किया है। असंख्य अवसरों पर मुझे शारीरिक दुर्बलताओं और आर्थिक समस्याओं के कारण बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई बार मेरे अपने रिश्तेदारों और मेरे भरोसेमंद दोस्तों ने मेरे जीवन में समस्याएं खड़ी कर दीं। अभी भी कुछ शक्तियां हैं जो प्रतिदिन मुझे सचमुच परमेश्वर द्वारा दिए गए दर्शन को पूरा करने से रोकने की कोशिश करती हैं और मेरी महत्वाकांक्षी यात्रा में बाधा डालती हैं। लेकिन मैं अपने विश्वास में दृढ़ हूं कि मैं मसीह यीशु में सब कुछ कर सकता हूं जो मुझे सामर्थ देता है (फिलिप्पियों ४:१३)। मैं जानता हूं कि मैं किस पर विश्वास करता हूं (२ तीमुथियुस १:१२)। अय्यूब के साथ मैं यह अंगीकार

*पृष्ठ 9 में क्रमशः...*


# नहेम्याह बाइबल कॉलेज
EVENING COLLEGE
Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.
ECHO OF HIS CALL (ECHO GROUP)
माध्यमः तमिल
ATA Regd. Candidate for Membership NEHEMIAH BIBLE COLLEGE CHENNAI ECHO OF HIS CALL Estd.: 1969
सदस्यता के लिए पंजीकृत उम्मीदवार - ATA
सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 53 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान
सर्टिफिकेट इन थियोलॉजी – 1 साल
डिप्लोमा ऑफ थियोलॉजी – 2 साल
योग्यता 10 वी या अधिक
जल्दी करें!
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (दो केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. पादरियों द्वारा सलाह मशवरा रविवार सायं ४.०० बजे
१८. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१९. सप्ताह के मध्य बाइबल अध्ययन बुधवार सायं ६.३० बजे
२०. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
२१. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२२. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२३. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२४. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२५. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२६. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२७. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२८. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२९. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
३०. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
३१. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

*अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।*

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट'' को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट''** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*“जो पढ़े वह समझे”* मत्ती 24:15

# प्रकाशन के मेरे दर्शन की प्रगति

## PROGRESS OF MY VISION IN PUBLICATIONS!



एन. जेवानन्दम



रेव्ह. एस. देवादासन

स्कूल के दिनों से ही मुझे किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। प्रमुख मसीही पत्रिकाएं जैसे भाई जीवानंदम द्वारा प्रसारित “मैगीजूची” रेव्ह एस देवदासन द्वारा संचालित “हेरल्ड ऑफ हिज़ कमिंग”, मेरे लिए बहुत प्रोत्साहन और प्रेरक शक्ति थे। स्वर्ग और पृथ्वी के बारे में प्रभु से प्राप्त




इन आशीषों को मुद्रित पृष्ठों के माध्यम से सुर्खियों में लाने की मेरी गहरी इच्छा थी। लेकिन स्टेशनरी खरीदने के लिए मेरे पास आवश्यक पैसे नहीं थे।



इसलिए, मैंने अपनी सभी प्रेरणाओं और खुलासे को नियमित रूप से कागज के टुकड़ों पर लिखना शुरू कर दिया; और उन कागजों पर हाथ रखकर प्रार्थना करने लगा और आगे बढ़ने के लिए प्रभु से मार्गदर्शन मांगने लगा। मैं बहुत चिंतित हो गया, क्योंकि मेरे लिखित कागजात मेरे कमरे में जमा हो रहे थे। इसलिए प्राप्त पॉकेट मनी से कपड़े और अन्य चीजें खरीदने के बजाय, मैंने कई गुना कागज, कलम, स्याही आदि खरीदना शुरू कर दिया और फिर परमेश्वर से प्राप्त संदेशों को लिखना शुरू कर दिया और दूसरों को वितरित करने लगा।

जब मैंने उन छपे हुए संदेशों को अपने दोस्तों और उन लोगों को वितरित किया जिनसे मैं मिला था, उनकी बहुत सराहना की गई थी। कुछ ही महीनों में, मैंने इन संदेशों को टाइप-लिखित पृष्ठों और साइक्लोस्टाइलिंग मशीन के माध्यम से अपने सिर और कंधे पर रखकर वितरित करना शुरू कर दिया। फिर, कुछ समय बाद, मैंने इन संदेशों को मुद्रित पत्रों के माध्यम से और अधिक प्रतियों में वितरित करना शुरू किया और फिर अपनी मुद्रण सेवकाई शुरू की।

सबसे पहले, हमने एको ऑफ़ हिज़ कॉल - तमिल और अंग्रेजी, द्विभाषी मासिक समाचार पत्र, फिर एक तमिल और अंग्रेजी पाक्षिक समाचार पत्र शुरू किया, और फिर यह दो अलग-अलग पंजीकृत समाचार पत्र बन गए, जैसे तमिल और अंग्रेजी मासिक समाचार पत्र। अब मासिक समाचार पत्र तमिल, अंग्रेजी, सिंहल, मलयालम, अफ्रीकी,



*Mr. M. Munusami*



*Echo of His Call Magazines in 16 languages*



***Pr. Sam with his daughter Angeline carried magazines for distribution***

तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, मराठी, असमिया, बंगाली, उर्दू, नेपाली, गुजराती, उड़िया और पंजाबी में प्रकाशित होते हैं। एको ऑफ हिज कॉल एकमात्र वैश्विक मसीही पत्रिका है जिसे पंजीकृत समाचार पत्रों के रूप में १६ भाषाओं में प्रकाशित किया जा रहा है। वे सभी भारत सरकार के साथ व्यक्तिगत समाचार पत्रों के रूप में पंजीकृत हैं। मुझे अपनी साइकिल से उन्हें अलग-अलग जगहों पर ले जाना पडता था और फिर परमेश्वर ने मुझे अपनी बेटी एंजेलिन सेल्वाकुमारी के साथ लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए एक मोटर साइकिल से आशीषित किया।

जैसा कि मैं तमिल और अंग्रेजी में मासिक समाचार पत्रों के लिए लेख लिखता हूं, परमेश्वर हमारे सहयोगी संपादकों, अनुवादकों और स्टाफ सदस्यों के माध्यम से हमारे मासिक समाचार पत्रों को बिना किसी बाधा के प्रकाशित करने में मदद कर रहा है; यहां आपकी प्रार्थना के लिए नाम हैं :

बहन सेरीना बेविन, रेव्ह. डॉ. के. आर. राजशेखरन, डॉ. ए. रिचर्ड सैमुअल, रेव्ह. स्टीफन जोसेफ, भाई जयरत्न डी सोयसा, बहन मंजुला वीरबाहू, बहन रेणुका राजपक्षे, सुसमाचार प्रचारक बेंजामिन मोज़ेस, भाई मोहनकुमार, डॉ मारित्जी नेल्सन, भाई एन मोहन बाबू, बहन डॉर्थी एस. थॉमस, रेव्ह. आर. राकृष्ण, रेव्ह. शशि तिवारी, प्रा. जोशुआ राज, बहन बोर्नाली थापा राज, रेव्ह डॉ. अंजन कुमार सिंह, भाई इंद्रजीत राय, प्रा. शिविंदर कुमार, भाई भुवन देवकोटा, भाई राजकुमार भंडारी, भाई पंकज सी. वाडिया, बहन सुरमा सैमुअल, भाई आशीष रमेश बलधारी, भाई एन प्रकाशम, बहन गीता गुरुस्वामी, बहन ई. डेज़ी रानी, बहन एस तिरुमगल, भाई जॉन रॉड्रिक्स, भाई सी. एन्थनी राज, भाई सी जे जोसेफ, बहन ई. विसलाची, बहन एस प्रभावती, भाई एम मणि, भाई के इंद्रेश कुमार, भाई एल मोहन, भाई आर इमैनुएल पॉल और भाई आर विजय। मेरी दृष्टि में यह अद्भुत है। "यह तो यहोवा की ओर से हुआ है, यह हमारी दृष्टि में अद्भुत है" (भजन संहिता ११८:२३)।

"वह कंगाल को धूलि में से उठाता; और दरिद्र को घूरे में से निकाल खड़ा करता है" (१ शमुएल २:८)।

---

*पृष्ठ 6 से आगेः...*

करता हूं, **"वह मुझे घात करेगा, मुझे कुछ आशा नहीं; तौभी मैं अपनी चाल चलन का पक्ष लूंगा" (अय्यूब १३:१५)।** मैं इन विश्वासों में मजबूत हूं। प्रिय पाठक, क्या आप भी प्रभु की सेवा करने की महत्वाकांक्षा रखने वाले व्यक्ति बन सकते हैं?

यह जानने के बाद कि यरूशलेम में जंजीरें और क्लेश उसका इंतजार कर रही थीं, संत पौलुस ने उस बुलाहट से मुंह नहीं मोड़ा, जो उसने प्रभु से प्राप्त की थी। उसने तीमुथियुस को लिखा, "" (२ तीमुथियुस ४:७)। दौड़ को पूरा करने के लिए, परमेश्वर ने हमें अपनी प्रतिभा और वरदानों का उपयोग करने के लिए आगे आने के लिए ठहराया है जो उसने हमें दिए हैं। अपने आप को महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के रूप में बदलने के लिए प्रतिबद्ध रहें जो कह सकते हैं, **"मैंने वह दौड़ पूरी कर ली जो मेरे लिए ठहराई गई थी"।**

### ५. महत्वाकांक्षी व्यक्ति जिसका लक्ष्य स्वर्ग है :

**फिलिप्पियों ३:१३-१४ में संत पौलुस कहता है, "निशाने की ओर दौड़ा चला जाता हूं, ताकि वह इनाम पाऊं जिसके लिये परमेश्वर ने मुझे मसीह यीशु में ऊपर बुलाया है। हम में से जितने सिद्ध हैं, यही विचार रखें, और यदि किसी बात में तुम्हारा और ही विचार हो तो परमेश्वर उसे भी तुम पर प्रगट कर देगा।"** परमेश्वर हम में से प्रत्येक से एक आत्मिक लक्ष्य की अपेक्षा करता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने वालों के लिए परमेश्वर के पास एक इनाम है।

हमारा लक्ष्य क्या है? यह स्वर्ग के अलावा और कुछ नहीं होना चाहिए। जब हम अपने जीवन में सब कुछ इस लक्ष्य के लिए निर्धारित करते हैं, तो परमेश्वर हमें आशीष देता है। यदि हमारा लक्ष्य सांसारिक चीजों पर है तो हम निश्चित रूप से असफल होंगे। सभी सांसारिक वासनाओं और अच्छाइयों को पीछे छोड़ते हुए और क्रूस को अपने सामने रखते हुए, हमें स्वर्ग की ओर बढ़ना चाहिए जो हमारा लक्ष्य है। हमें भी अपने मन में यह इच्छा रखनी चाहिए कि हम उन लोगों की सहायता करें जो प्रभु यीशु को नहीं जानते हैं, ताकि वे भी उद्धार प्राप्त करें।

***हमारा लक्ष्य स्वर्ग हो और हम इस अनमोल लक्ष्य तक पहुंचने के लिए महत्वाकांक्षी व्यक्ति बनें।***

************

## अति आवश्यक समाचार आपके सेल फोन के संदेश!

हमें अपने मित्रों की ओर से हमारे सेल फोन के माध्यम से कई तस्वीरें और बाइबल के वचन प्रतिदिन मिलते हैं। वस्तुतः हम उन सभों को नहीं देख सकते। हमारे पास उन्हें अपने सेल फोन से डिलीट करने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं होता। इसलिए हम प्रेमपूर्वक और नम्रता के साथ आपसे आग्रह करते हैं कि बाइबल के वचन सामान्य संदेश और तस्वीरें हमारे सेल फोन में भेजने से बचें। परंतु आप अपने प्रार्थना निवेदन और विशेष संदेश हमेशा भेज सकते हैं। आपकी समझ के लिए हम आप का धन्यवाद करते हैं।

पा. एस सैम सेल्वराज

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/21-23 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23

# WANTED
## OFFICE STAFF

Echo of His Call requires experienced and dedicated typists and computer operators.

Contact : ECHO OF HIS CALL
Cell : 98412 71858
E.mail : sam@echoofhiscall.org

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | **Triplicane, Chennai-5** |
| Name | : | **S. Sam Selva Raj** |
| A/C No. | : | **1023 2934 679** |
| IFSC | : | **SBIN 00 00 249** |
| SWIFT CODE | : | **SBI NIN BB 455** |

### *2. Bank : ICICI Bank*

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | **Anna Salai, Chennai-6** |
| Name | : | **Echo of His Call** |
| A/C No. | : | **6038 0502 2319** |
| IFSC | : | **ICIC 000 6038** |

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | **Triplicane, Chennai-5** |
| Name | : | **Echo of His Call Educational Trust** |
| A/C No. | : | **1023 2923 805** |
| IFSC | : | **SBIN 00 00 249** |

**Google Pay: 98410 71858**
**PayPal : SAM SELVA RAJ**
*****
**E.mail : sam@echoofhiscall.org**

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-** **आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :
**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/21-23
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/21-23
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 10th OCTOBER, 2022
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

*JESUS LOVES YOU!*

**To**

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by him at **Echo of His Call Printers**, New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**